झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट कक्षाओं की सम्पूरक (Compartmental), समुन्नत (Improvement) एवं विशेष परीक्षा, 2026 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

विज्ञप्ति संख्या – 42/2026

परिषद् द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सत्र 2024–26 से माध्यमिक एवं इंटर परीक्षा में उत्तीर्ण होनेवाले छात्र/छात्राओं हेतु समुन्नत (Improvement) परीक्षा का आयोजन वर्तमान वर्ष में होनेवाली सम्पूरक परीक्षा एवं आगामी वर्ष (Succeeding year) में होनेवाली वार्षिक परीक्षा के साथ की जाएगी। किसी भी छात्र को एक ही समुन्नत (Improvement) परीक्षा (सम्पूरक या वार्षिक) में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाएगी। वैसे छात्र, जो वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण हैं, सम्पूरक परीक्षा या आगामी वर्ष (Succeeding year) में होनेवाली वार्षिक परीक्षा के साथ समुन्नत (Improvement) परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति होगी।

एतद् द्वारा वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण होने वाले एवं वैसे छात्र/छात्रा, जो वार्षिक माध्यमिक/इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 हेतु परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने से छूट गए थे, के लिए सम्पूरक, समुन्नत एवं विशेष परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रकृति के सभी छात्र/छात्राओं/अभिभावकों एवं विद्यालय/महाविद्यालय प्रधानों को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट कक्षा की समुन्नत (Improvement), सम्पूरक (Compartmental) एवं विशेष परीक्षा, 2026 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से निम्न कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन भराया जाएगा।

- **माध्यमिक परीक्षा, 2026 (समुन्नत, सम्पूरक एवं विशेष परीक्षा)**

	ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने एवं चालान जेनरेट करने की तिथि	RTGS के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि
विलम्ब शुल्क रहित	22.06.2026 से 03.07.2026 तक	06.07.2026 तक
विलम्ब शुल्क सहित	04.07.2026 से 10.07.2026 तक	13.07.2026 तक

- **इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 (समुन्नत, सम्पूरक एवं विशेष परीक्षा)**

	ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने एवं चालान जेनरेट करने की तिथि	RTGS के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि
विलम्ब शुल्क रहित	25.06.2026 से 07.07.2026 तक	08.07.2026 तक
विलम्ब शुल्क सहित	08.07.2026 से 13.07.2026 तक	14.07.2026 तक

पूर्व में निर्गत किए गए User ID एवं Password का उपयोग कर परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरा जा सकेगा।

विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधान से अनुरोध है कि वे परिषद् के उक्त वेबसाइट पर अपलोड की गई शर्त्तें, प्रक्रिया एवं शुल्क संबंधी निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करते हुए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरना सुनिश्चित करें। वेबसाइट पर आवेदन प्रपत्र अपलोड कर दिया गया है। उक्त प्रपत्र को संबंधित छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराते हुए ससमय भरे हुए प्रपत्र प्राप्त कर लें ताकि ऑनलाइन प्रपत्र भरने हेतु समय की बचत हो सके। **ध्यातब्य कि किसी भी परिस्थिति में आवेदन प्रपत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की निर्धारित अवधि विस्तारित नहीं की जाएगी।**

अध्यक्ष के आदेश से,

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।

JAC/Con./484/26-Secy/484/26
Dt.- 19.06.2026